**GRAVITA**

## GRAVITA INDIA LTD.

Corp. Office: Gravita Tower, A-27 B, Shanti Path, Tilak Nagar, JAIPUR-302004, Rajasthan (INDIA)
Phone : +91-141-2623266, 2622697 FAX : +91-141-2621491
Web : www.gravitaindia.com
CIN:- L29308RJ1992PLC006870

**06th February, 2025**
**GIL/2024-25/240**

To,

| | |
|---|---|
| The BSE Limited<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers<br>Dalal Street<br>Mumbai- 400 001<br>Fax No.: 022-22721919<br>Scrip Code- 533282 | The listing Department<br>The National Stock Exchange of India Ltd.<br>Exchange Plaza, C-1, Block G,<br>Bandra- Kurla Complex<br>Bandra (east), Mumbai- 400 051<br>Fax No.: 022-2659 8120<br>Company Code- GRAVITA |

**Subject: Newspaper Advertisement regarding Dispatch of Postal Ballot Notice.**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 30 and 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Please find enclosed herewith copies of Newspaper advertisement published in "Financial Express" (English Edition) and "Nafa Nuksan" (Hindi Edition) regarding dispatch of Postal Ballot Notice to the shareholders of the Company on 05.02.2025.

This is for your information and record.

Yours Faithfully
For **Gravita India Limited**

NITIN GUPTA

Digitally signed by NITIN GUPTA
DN: c=IN, o=Personal, postalCode=302013, l=Jaipur, st=Rajasthan, street=94-B Murlipura, Jaipur, Rajasthan India- 302013- Behind Govt. School, title=3990, 2.5.4.20=b06401c9a609ebd81b526bd0baddb42dc4ea8897dfcd0cddc5ec428a611f561a, serialNumber=64edf71a99714fa3ea6723068a8c3414a9e3e05a9e3c14ec5054dbcfbb8feda2, email=nitin.gupta@gravitaindia.com, cn=NITIN GUPTA
Date: 2025.02.06 14:47:43 +05'30'

**Nitin Gupta**
**Company Secretary**
**(FCS-9984)**

**Encl: As above**

**Regd. Office:**
'SAURABH', Chittora Road, Diggi-Malpura Road
Tehsil: Phagi, JAIPUR- 303 904, Raj. (INDIA)
Phone: +91-141-2623266, 2622697 FAX : +91-141-2621491
Email: companysecretary@gravitaindia.com

We Recycle to Save Environment

## ब्रीफ न्यूज

### आईटीसी ने एआई के लिए वैश्विक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया

**कोलकाता@पीटीआई।** विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत आईटीसी लिमिटेड ने कोलकाता के निकट एआई के लिए अपना वैश्विक उत्कृष्टता केंद्र खोलने की घोषणा की। आईटीसी के चेयरमैन संजीव पुरी ने कहा कि यह पूर्वी राज्य निवेश के लिए एक आकर्षक केंद्र बनता जा रहा है और यहां हॉस्पीटेलिटी क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि आईटीसी ने पश्चिम बंगाल में होटल, विनिर्माण, आईटी और कृषि क्षेत्र में निवेश किया है। पुरी ने कहा कि हम राज्य में अपनी उपस्थिति का विस्तार करना जारी रखेंगे।

### वर्ल्ड बैंक लॉजिस्टिक्स रैंकिंग में 2030 तक शीर्ष 25 देशों में आ सकता है भारत

**नयी दिल्ली@पीटीआई।** प्रधानमंत्री गति शक्ति और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति जैसी पहल के जरिये मजबूत बुनियादी ढांचे के विकास से भारत को 2030 तक विश्व बैंक लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक में शीर्ष 25 देशों में जगह बनाने में मदद मिलेगी। एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। विश्व बैंक लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक (एलपीआई) में भारत 139 देशों में 38वें स्थान पर है और इसका लक्ष्य 2030 तक शीर्ष 25 में आना है। वैश्विक प्रदर्शक मेस्से स्टटगार्ट इंडिया द्वारा ईएसी इंटरनेशनल कंसल्टिंग के साथ साझेदारी में किए गए अध्ययन को अंतरराष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स प्रदर्शनी लोगिमैट इंडिया-2025 से पहले मंगलवार को जारी किया गया। यह प्रदर्शनी 13-15 फरवरी को बंबई एक्जिबिशन सेंटर में आयोजित होने वाली है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत के 2030 तक विश्व बैंक के लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक (एलपीआई) में शीर्ष 25 देशों में जगह बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति जैसी पहल के तहत बुनियादी ढांचे का मजबूत विकास महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारतीय माल ढुलाई और लॉजिस्टिक्स बाजार के 2029 तक सालाना 8.8 प्रतिशत की दर से बढ़कर 484.43 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जो 2024 में 317.26 अरब डॉलर था।

### मोबिक्विक को थर्ड क्वार्टर में 55 करोड़ रुपये का नुकसान

**मुंबई@आईएएनएस।** मोबिक्विक ब्रांड नाम से कारोबार करने वाली फिनटेक कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड को वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में समग्र आधार पर 55.28 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। गत वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसे 5.27 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी ने वित्तीय परिणाम में बताया कि गत 31 दिसंबर को समाप्त तिमाही में परिचालन से प्राप्त राजस्व साल-दर-साल आधार पर 228.93 करोड़ रुपये से 17.7 प्रतिशत बढ़कर 269.47 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी की कुल आय 231.38 करोड़ रुपये की तुलना से बढ़कर 274.46 करोड़ रुपये हो गई। यह 18.61 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। कंपनी को नुकसान की मुख्य वजह पेमेंट गेटवे की लागत की तीन गुना होना है। एक साल पहले यह लागत 50.83 करोड़ रुपये थी जो पिछली तिमाही में 143.70 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी का कुल व्यय भी एक साल पहले के 220.55 करोड़ रुपये की तुलना में पिछले साल अक्टूबर-दिसंबर में 317.14 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने 42.67 करोड़ रुपये का ईबीआईटीडीए घाटा दर्ज किया, जबकि गत वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में यह आंकड़ा 10.82 करोड़ रुपये रहा था। भुगतान खंड के लिए जीएमवी 206 प्रतिशत बढ़कर 29,445 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने तिमाही के दौरान 50 लाख नए यूजर जोड़ने के साथ अपना यूजर बेस बढ़ाया। अब उसके यूजरों की कुल संख्या 17.2 करोड़ हो गई है। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने अपने मर्चेंट नेटवर्क का विस्तार किया, जिसमें 1.1 लाख नए व्यापारी शामिल हुए, जिससे कुल मर्चेंट बेस 45 लाख हो गया। परिणामों की घोषणा के बाद मंगलवार को बीएसई में कंपनी के शेयर 0.78 प्रतिशत की गिरावट के साथ 403.10 रुपये पर बंद हुए।

# FMCG कम्पनियां क्विक कॉमर्स रेस में Lead करने की तैयारी में




**मुम्बई@एजेन्सी**

कन्ज्यूमर गुड्ज कम्पनियां जैसे हिंदुस्तान यूनीलीवर, मैरिको, अडानी विल्मार और पारले क्विक कॉमर्स में आगे रहने के प्रयास कर रही है। इसके लिये अलग सेल्स एंड डिस्ट्रीब्यूशन टीम को लगाया गया है। इंडस्ट्री सूत्रों के अनुसार फास्ट टर्नअराउंड, बेहतर स्टॉकिंग के लिये यह टीम काम कर रही है। ई-कॉमर्स के लिये सप्ताह में एक या दो बार स्टॉक पर नजर रखने वाली कम्पनियों को क्विक कॉमर्स के लिये सप्ताह में हर दूसरे दिन स्टॉक को देखना पड़ रहा है।

हिंदुस्तान यूनीलीवर के एक अधिकारी के अनुसार अभी तक ई-कॉमर्स हैंडल करने वाली टीम क्विक कॉमर्स हैंडल कर रही थी लेकिन यह मार्केटप्लेस काफी अलग सैटअप वाला है और इसके लिये पोर्टफोलियो भी कुछ अलग है। ऐसे में तैयारी भी इस अनुसार ही करनी है। बाजार सूत्रों के अनुसार क्विक कॉमर्स में अधिकांश परचेज अनप्लांड और लो-वैल्यू की होती है। जेप्टो, स्विगी इन्स्टामार्ट, जोमाटो ब्लिंकइट इसी सोच के साथ इन्स्टेंट फुलफिलमेंट कर रही हैं। फास्ट मूविंग कन्ज्यूमर गुड्ज कम्पनियों की बात करें तो ऑनलाइन चैनल्स ओवरऑल सेल्स में 10-12 प्रतिशत का योगदान कर रहे हैं। अब उन्हें क्विक कॉमर्स के लिये भी आगे रहने की रणनीति को आगे बढ़ाना है।

मैरिको की मैनेजिंग डायरेक्टर के अनुसार क्विक कॉमर्स में रिटेलर्स रिपब्लिक डे आदि ओकेजंस पर दिये जाने वाले डीप डिस्काउंट को ऑफर नहीं कर सकते, यह टॉप अप टाइप सेगमेंट ज्यादा है। क्विक कॉमर्स के लिये बैकएंड, लॉजिस्टिक्स, सप्लाई अलग प्रकार से की जाती है, इसके अनुसार ही तैयारी करनी होगी। पारले प्रोडक्ट्स के वाइस प्रेसीडेंट के अनुसार ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म जैसे बिग बास्केट, फ्लिपकार्ट भी क्विक कॉमर्स में ट्रांजीशन कर रही है। ऐसे में कम्पनियों को भी इसे एडेप्ट करना होगा। वे हर दूसरे दिन स्विक कॉमर्स पर स्टॉक सर्विस कर रहे हैं। यह भी है कि नीश प्रोडक्ट्स जैसे शुगर फ्री बिस्कुट आदि को क्विक कॉमर्स पर पहले लांच किया जा सकता है।

करीब एक दशक पूर्व की बात करें तो न्यू प्रोडक्ट्स को पहले मॉर्डन सुपरमार्केट्स में लांच किया जाता है। वहां पर रेस्पांस देखा जाता था। इसके बाद ई-कॉमर्स चैनल्स पर फर्स्ट लांच होने लगे, अब क्विक कॉमर्स पर न्यू लांच का ट्रेंड आ सकता है। विशेष रूप से प्रीमियम प्रोडक्ट्स के लिये क्विक कॉमर्स लांच पैड बन सकता है।

देश की सबसे बड़ी पैकेज्ड एडीबल ऑइल कम्पनी अडानी विल्मार ने क्विक कॉमर्स के लिये नई टीम स्प्लिट नहीं की है, बल्कि ई-कॉमर्स टीम को क्विक कॉमर्स में ट्रांसीशन किया है। कम्पनी सूत्रों के अनुसार वैल्यू एडेड फंक्शनल ऑइल्स को चैनल पर लांच करना शुरू किया है। क्विक कॉमर्स कन्ज्यूमर्स नीश प्रीमियम प्रोडक्ट्स को खरीदने के लिये रैडी रहते हैं। उल्लेखनीय है कि क्विक कॉमर्स टॉप अप सर्विस, लास्ट मिनट ग्रॉसरी और स्मॉल टिकट आइटम्स की परचेज के लिये लांच किया गया था लेकिन अब यह महसूस किया जा रहा है कि यह अन्य शॉपिंग चैनल्स को प्रभावित करने लगा है। किराना स्टोर्स की कीमत पर यदि इन्स्टेंट समान मिल जाये तो यह कन्ज्यूमर्स को रास क्यों नहीं आयेगा।

## डिजी यात्रा प्लेटफॉर्म यूजर्स की संख्या एक करोड़ पार हुई




**बेंगलुरु@आईएएनएस।** डिजी यात्रा ने एक करोड़ यूजर्स का आंकड़ा पार कर लिया है। प्रतिदिन औसतन 30,000 लोग इस ऐप को डाउनलोड कर रहे हैं। यह डिजिटल यात्रा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है। यह घोषणा प्लेटफॉर्म ने की है। सेल्फ सोवेरन आइडेंटिटी (एसएसआई) आधारित यह इकोसिस्टम एयरपोर्ट पर संपर्क रहित और यात्री के चेहरे की बायोमेट्रिक तकनीक का उपयोग करके काम करता है। एक करोड़ यूजर्स का मील का पत्थर हासिल करना प्लेटफ़ॉर्म की बढ़ती लोकप्रियता और गोपनीयता-सुरक्षा और अच्छे यात्रा अनुभव प्रदान करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दिखाता है।

डिजी यात्रा फाउंडेशन के सीईओ ने कहा कि10 मिलियन जैसे मील का पत्थर हमारे यूजर्स के हम पर रखे गए विश्वास और भरोसे को दर्शाता है। डी-केवाईसी अभियान पहल सहित हमारे प्रयासों ने हमें 2024 में विकास को आगे बढ़ाने में मदद की। हमारा लक्ष्य भविष्य में और भी बड़ी सफलताएं हासिल करने के लिए नए विचार, गोपनीयता और यात्री अनुभव के विकास की गति को बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए डिजी यात्रा को सक्षम बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) के साथ हमारी साझेदारी 2025 में और अधिक वृद्धि को प्रेरित करेगी। बता दें कि डी-केवाईसी (अपने ग्राहक को न जानें) अभियान अक्टूबर में शुरू किया गया था। यह यूजर्स की गोपनीयता और पसंद के प्रति प्लेटफ़ॉर्म की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यह अभियान इस बारे में था कि डिजी यात्रा किस तरह से ग्राहकों की जरूरतों को उनके व्यक्तिगत डेटा को एक्सेस किए बिना पूरा करती है। दिसंबर 2022 में स्थापित, डिजी यात्रा भारत के 24 एयरपोर्ट पर यात्री प्रोसेसिंग को सुव्यवस्थित करने के लिए फेस ऑथेन्टिकेशन तकनीक का लाभ उठाती है। इसने आज तक 45 मिलियन से अधिक बिना रुके यात्राओं की सुविधा प्रदान की है, जिससे कई यात्रियों को एक सहज अनुभव मिला है। डिजी यात्रा की 2025 के लिए महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं।

यह प्लेटफ़ॉर्म सभी 22 आधिकारिक भारतीय भाषाओं का समर्थन करने का इरादा रखता है जिससे भाषा की बाधाओं को तोड़ा जा सके। ताकि प्रत्येक यात्री अपनी पसंद की भाषा में एयरपोर्ट की प्रक्रियाओं को आत्मविश्वास से नेविगेट कर सके। डिजी यात्रा का लक्ष्य एक अंतरराष्ट्रीय पायलट प्रोजेक्ट का संचालन करना भी है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक पासपोर्ट (ई-पासपोर्ट) वाले विदेशी यात्री इसके निर्बाध इकोसिस्टम का अनुभव कर सकें।

## अनन्या बिरला ने नए कॉस्मेटिक्स वेंचर की घोषणा की

**मुंबई@एजेंसी**



उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला की बेटी अनन्या बिड़ला ने एक नए उद्यम की शुरुआत के साथ तेजी से बढ़ते सौंदर्य प्रसाधन क्षेत्र में प्रवेश की घोषणा की। बयान के अनुसार, अनन्या बिड़ला (30) 2025 में राष्ट्रीय स्तर पर सौंदर्य व व्यक्तिगत देखभाल ब्रांड की एक श्रृंखला लेकर आएंगी। बयान में कहा गया, बढ़ती खर्च योग्य आय, ई-कॉमर्स की गहरी पैठ और उपभोक्ताओं के बीच बढ़ता खुलापन भारत में सौंदर्य को बढ़ावा दे रहा है। व्यक्तिगत देखभाल बाजार में सालाना 10-11 प्रतिशत की वृद्धि होने और 2028 तक इस क्षेत्र के 34 अरब अमेरिकी डॉलर का अवसर बनने की उम्मीद है।

बिड़ला ने कहा कि वैश्विक उत्पादों व अधिक ज्ञान के साथ भारतीय उपभोक्ता अब घरेलू ब्रांड से अधिक मांग करते हैं। इस उद्यम का उद्देश्य प्रामाणिकता व नवीनता के साथ उन अपेक्षाओं को पूरा करना और भारतीय बाजार में विश्वस्तरीय उत्पाद लाना है। अनन्या ने 17 वर्ष की उम्र में एक सूक्ष्म वित्तपोषण उद्यम शुरू किया था। वह 62 अरब डॉलर के आदित्य बिड़ला समूह की शीर्ष रणनीतिक संस्था के निदेशक मंडल में भी शामिल हैं।

GRAVITA

ग्रेविटा इंडिया लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : 'सौरभ', चित्तौड़ा रोड़, हरसूलिया मोड़, डिग्गी-मालपुरा रोड़, तह. फागी, जयपुर-303 904 राज. (भारत)
फोन : +91-141-2623266, 2622697 फैक्स : +91-141-2621491
वेब : www.gravitaindia.com CIN : L29308RJ1992PLC006870
ई-मेल : companysecretary@gravitaindia.com

पोस्टल बैलट नोटिस
(कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 110 व कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 एवं 22 के अंतर्गत)

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम की धारा 108 व 110 व अन्य लागू प्रावधानों के साथ ही कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम 2014 के नियम 20 एवं 22, सेबी (सूचीबद्धता दायित्वों व प्रकटीकरण आवश्यकताएं) नियम 2015 के नियम 44, इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा आम बैठक पर जारी किए गए सेक्रेटेरियल स्टेंडर्ड, कॉर्पोरेट कार्यालय मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य सर्कुलर संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, सर्कुलर संख्या 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, सामान्य सर्कुलर संख्या 22/2020, दिनांक 15 जून, 2020, सर्कुलर संख्या 33/2020, दिनांक 28 सितंबर, 2020, सामान्य सर्कुलर संख्या 39/2020 दिनांक 31 दिसंबर, 2020, 10/2021 दिनांक 23 जून, 2021, 20/2021 दिनांक 8 दिसंबर, 2021, सामान्य सर्कूलर संख्या 3/2022 दिनांक 5 मई 2022, सामान्य सर्कूलर संख्या 11/2022 दिनांक 28 दिसंबर 2022, सर्कूलर संख्या 09/2023 दिनांक 25 सितंबर, 2023 एवं सर्कूलर संख्या 09/2024 दिनांक 19 सितंबर, 2024 व किसी की अन्य लागू कानून के प्रावधानों के मुताबिक 22 जनवरी, 2025 के पोस्टल बैलट नोटिस में दिए गए प्रस्ताव के संबंध में कंपनी पोस्टल बैलट द्वारा ई-वोटिंग के जरिए सदस्यों की सहमति मांग रही है।

जिन सदस्यों के ई-मेल पते डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट या रजिस्ट्रार व शेयर ट्रांसफर एजेंसी (आरटीए) केफिन टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड के यहां पंजीकृत हैं व जिनके नाम शुक्रवार, 31 जनवरी, 2025 की कट-ऑफ दिनांक को सदस्यों के रजिस्टर/डिपॉजिटरी के रिकॉर्ड में दर्ज हैं, उन्हें कंपनी द्वारा व्याख्यात्मक विवरण के साथ पोस्टल बैलट का नोटिस 05 फरवरी, 2025 को इलेक्ट्रिोनिक रूप से प्रेषित कर दिया गया है। पोस्टल बैलट का यह नोटिस बीएसई लिमिटेड व नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ ही कंपनी की वेबसाइट www.gravitaindia.com व सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है। जो व्यक्ति कट-ऑफ दिनांक को कंपनी का सदस्य नहीं है वह पोस्टल बैलट नोटिस को केवल जानकारी के तौर पर माने।

कंपनी के निदेशक मंडल ने पोस्टल बैलट/ई-वोटिंग प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संचालित करने हेतु प्रेक्टिसिंग कंपनी सचिव श्री अक्षित कुमार जांगिड़ (FCS 11285, CP No. 16300) साझेदार, मैसर्स पिंचा एंड कंपनी जयपुर को स्क्रूटिनाइजर के तौर पर नियुक्त किया है।

सदस्यों को ई-वोटिंग सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कंपनी ने सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ("सीडीएसएल") की सेवाएं ली हैं। रीमोट ई-वोटिंग के लिए आवश्यक निर्देश 22 जनवरी, 2025 के नोटिस में दिए गए हैं।

यदि किसी शेयरधारक ने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं करा रखें हैं तो ध्यान रहे कि मंत्रालय के सर्कुलरों की अनुपालना में कंपनी केवल इलेक्ट्रोनिक रूप में ही पोस्टल बैलट नोटिस भेजेगी व इस पोस्टल बैलट के लिए फिजिकल पोस्टल बैलट नोटिस, पोस्टल बैलट फॉर्म व प्री-पेड कारोबारी लिफाफा शेयरधारकों को नहीं भेजा जाएगा। ऐसे में सदस्यों की सहमति/असहमति केवल रीमोट ई-वोटिंग सिस्टम के जरिए ही मान्य होगी। ऐसे में जिन शेयरधारकों ने अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं कराए हैं उनसे निवेदन है कि वह अपने ई-मेल पते पंजीकृत करा लें या आरटीए केफिन टेक्नोलोजीज़ लिमिटेड से einward.ris@kfintech.com पर या कंपनी से companysecretary@gravitaindia.com पर संपर्क करें।

रिमोट ई-वोटिंग के जरिए वोटिंग की अवधि गुरुवार, 6 फरवरी, 2025 को प्रात: 9 बजे से शुरू होकर शुक्रवार, 7 मार्च, 2025 को शाम 5 बजे (आईएसटी) खत्म होगी। इसके बाद ई-वोटिंग सिस्टम को सीडीएसएल द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा। उक्त दिनांक एवं समय के बाद किसी भी सदस्य द्वारा की गई वोटिंग मान्य नहीं होगी व डाक या इलेक्ट्रिोनिक माध्यम से उक्त दिनांक एवं समय के बाद वोटिंग की इजाजत नहीं होगी। सदस्यों के वोटिंग अधिकार कट-ऑफ दिनांक को कंपनी की पेड-अप इक्विटी शेयर कैपिटल के संबंध में सदस्य के पास रखे शेयरों के अनुपात के मुताबिक होगी। प्रस्ताव पर सदस्य द्वारा एक बार वोट डालने के बाद उसे बदलने की या पुन: वोट डालने की इजाजत नहीं होगी।

फिजिकल शेयर रखने वाले सदस्यों से निवेदन है कि वह कंपनी के आरटीए से einward.ris@kfintech.com पर संपर्क कर अपने ई-मेल पते अपडेट करा लें। वहीं सदस्य जो कंपनी के शेयर कट-ऑफ दिनांक पर होल्ड करते हैं व जिन सदस्यों को पोस्टल बैलट का नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है वह कंपनी को आवेदन भेज उसकी प्रतिलिपि प्राप्त कर सकते हैं।


इलेक्ट्रोनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से जुड़ी किसी भी शिकायत के मामले में, सदस्य www.evotingindia.com वेबसाइट पर हैल्प सेक्शन के तहत उपलब्ध आमतौर पर पूछे जाने वाले सवाल (एफएक्यू) व रिमोट ई-वोटिंग यूजर मैन्यूअल देख सकते हैं। सदस्य helpdesk.evoting@cdslindia.com पर भी संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा सदस्य कंपनी से ग्रेविटा टॉवर, ए-27-बी, शांति पथ, तिलक नगर, जयपुर-302004 (राजस्थान), भारत, टेलिफोन नंबर +91-141-4057700, ई-मेल companysecretary@gravitaindia.com पर भी संपर्क कर सकते हैं। संपर्क सूत्र : नितिन गुप्ता, कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी।

पोस्टल बैलट के जरिए वोटिंग के परिणाम अध्यक्ष या उनके द्वारा अधिकृत किसी भी अन्य व्यक्ति द्वारा कानूनी समय-सीमा में घोषित किए जाने के साथ ही इनकी सूचना उन स्टॉक एक्सचेंजों को भी प्रेषित की जाएगी जहां कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हैं। स्क्रूटीनाइजर की रिपोर्ट के साथ यह परिणाम कंपनी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध होंगें।

निदेशक मंडल के आदेश से
ग्रेविटा इंडिया लिमिटेड के लिए
sd/-
नितिन गुप्ता
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
FCS :9984

स्थान : जयपुर
दिनांक : 5 फरवरी, 2025

# इंडिया का पहला सॉवरेन बी2सी एआई चैटबॉट 'माईशक्ति' हुआ लांच




**मुंबई@आईएएनएस**

मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देने और घरेलू एआई मॉडल बनाने के लिए योट्टा डेटा सर्विसेज ने भारत का पहला सॉवरेन बी2सी जनरेटिव एआई चैटबॉट पेश किया है। डीपसीक के ओपन-सोर्स एआई मॉडल का उपयोग करके निर्मित माईशक्ति पूरी तरह से भारतीय सर्वरों पर पूर्ण डेटा सुरक्षा और संप्रभुता के साथ काम करती है। यह लॉन्च केंद्रीय रेल और इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा हाल ही में साझा किए गए विचार के अनुरूप है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत अगले छह महीने में सस्ती लागत पर अपना सुरक्षित और स्वदेशी एआई मॉडल लॉन्च कर सकता है। माईशक्ति एक पूरी तरह से आत्मनिर्भर एआई चैटबॉट है, जो देश में स्थित सर्वरों पर सभी ओपन-सोर्स और पार्टनर डेटा को प्रोसेस करता है।

योट्टा की एक टीम ने सिर्फ चार दिनों में माईशक्ति का विकास किया और अपने एनएम1 डेटा सेंटर इन्फ्रास्ट्रक्चर पर डीपसीक मॉडल को स्थापित किया। यह चैटबॉट एच100 जीपीयू के 16 नोड्स वाले उन्नत सेटअप पर काम करता है, जिसमें कुल 128 एच100 जीपीयू होते हैं, जो इसे एक शक्तिशाली और प्रभावी एआई टूल बनाता है। वर्तमान में जनरेटिव एआई चैटबॉट एक वेब ऐप पर बीटा संस्करण में उपलब्ध है और माईशक्ति का उपयोग मुफ्त है। हीरानंदानी ग्रुप के सीईओ और योट्टा डेटा सर्विसेज के प्रेसीडेंट और को-फाउंडर दर्शन हीरानंदानी ने कहा कि माईशक्ति के साथ हम भारत को एआई में आत्मनिर्भर बनाने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय सीमाओं में डीपसीक का इस्तेमाल करने का निर्णय यह सुनिश्चित करता है कि हमारे देश का अपने एआई बुनियादी ढांचे पर पूरी तरह नियंत्रण है। योट्टा डेटा सर्विसेज के सह-संस्थापक, सीईओ और एमडी सुनील गुप्ता ने कहा कि कंपनी ने हमेशा भारत में एआई के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और माईशक्ति के तेजी से विकास के साथ, हम हर भारतीय के लिए अत्याधुनिक एआई को सुलभ, सुरक्षित और स्केलेबल बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रहे हैं। मंत्री वैष्णव के अनुसार, भारतीय एआई मॉडल एक जरूरी कदम है, क्योंकि यह आने वाले समय में देश को नैतिक एआई समाधानों के साथ एक भरोसेमंद तकनीकी महाशक्ति के रूप में उभरने में मदद करेगा। केंद्रीय मंत्री ने पहले घोषणा की थी कि देश एक एआई सुरक्षा संस्थान बना रहा है, जिसमें तकनीकी और कानूनी दृष्टिकोण अपनाए जाएंगे, क्योंकि एआई मॉडल की सुरक्षा और नैतिक रूप से तैनाती भारत के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। गत डेढ़ साल से भारत अपने एआई मॉडल को समर्थन देने के लिए एक मजबूत एआई पारिस्थितिकी तंत्र तैयार कर रहा है।

### भारत एक अहम एआई मार्केट, इस क्षेत्र में बन सकता है लीडर- सैम ऑल्टमैन

**नई दिल्ली।** ओपनएआई के को-फाउंडर और सीईओ सैम ऑल्टमैन ने कहा कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का एक अहम मार्केट है और कंपनी के लिए वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। चैटजीपीटी एआई मॉडल को चलाने वाली कंपनी ओपनएआई के सीईओ ने यह बात केंद्रीय रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में एक कार्यक्रम में कही। इसके अलावा, ऑल्टमैन ने कहा कि भारत एआई मॉडल की रेस में लीडर होना चाहिए। ऑल्टमैन के मुताबिक भारत एआई के लिए काफी अहम बाजार है और हमारा दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। मॉडल अभी भी सस्ते नहीं हैं। भारत को इस क्षेत्र में लीडर होना चाहिए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, देश में युवा उद्यमी वास्तव में इनोवेशन को अगले स्तर पर पहुंचाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं,जो लागत को कम करेगा। जब हम चंद्रयान मिशन में लागत कम कर सकते हैं, तो हम एलएलएम क्षेत्र में भी ऐसा क्यों नहीं कर सकते? भारतीय एआई मॉडल आने वाले दिनों में देश को एआई समाधानों के अधिक विश्वसनीय तकनीकी पावरहाउस के रूप में उभरने में मदद करेगा। उच्च-स्तरीय सामान्य कंप्यूटिंग सुविधा द्वारा समर्थित, इंडियाएआई मिशन अब भारतीय भाषाओं का उपयोग करके घरेलू संदर्भ के लिए स्वदेशी एआई समाधानों को अनुकूलित करने के करीब है। वैज्ञानिक, शोधकर्ता, डेवलपर्स और कोडर्स इस संबंध में कई मॉडल पर काम कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने उम्मीद जताई कि भारतीय एआई मॉडल छह महीने के भीतर तैयार होने की संभावना है।